शिव शंकर का भजन थोड़ा करले

शिव शंकर का भजन थोड़ा करले,
प्रभु से मिलन का जतन थोड़ा करले,

शिव के चरण बिन कहाँ है ठिकाना,
छोड़ के शिव चरणों को और कहाँ जाना,
शिव चरणों में नमन थोड़ा करले,
शिंव शंकर का.......

ओम्कारेश्वर धाम में जो आए,
पावन ज्योतिर्लिंग के दर्शन पाए,
शिव दर्शन का जतन थोड़ा करले,
शिंव शंकर का.....

साँझ सवेरे जो शिव नाम गावे,
शिव भोले नाथ नैया पार लगावे,
ममलेश्वर को नमन थोड़ा करले,
शिंव शंकर का....

शिव शंकर का जो ध्यान लगावे,
शिव ओम्कारेश्वर धाम बुलावे,
शिव नाम का तू जपन थोड़ा करले,
शिंव शंकर का....

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/19556/title/shiv-shankar-ka-bhajan-thoda-karle

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |